दिन– रविवार दिनांक– 03/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर। एनडीए के वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात। राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर सरगर्मी तेज।

02 पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र और जदयू नेता निशांत कुमार सद्भाव यात्रा के तहत आज पश्चिम चंपारण के वाल्मिकीनगर पहुंचे। यह उनकी पहली राजनीतिक यात्रा है।

03. आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– लोकतंत्र में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका महत्त्वपूर्ण।

04. और, मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश भागों में अगले चौबीस घंटों के दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गयी है। मंत्रिमंडल विस्तार के मुद्दे पर पार्टी के केन्द्रीय नेताओं से चर्चा के लिए मुख्यमंत्री दिल्ली में हैं। श्री चौधरी ने दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रेलमंत्री अश्विणी वैष्णव, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह और जीतनराम मांझी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि रक्षामंत्री से विकसित बिहार के लक्ष्य को साकार करने पर चर्चा हुई। श्री चौधरी ने बताया कि रेलमंत्री से मुलाकात में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, बेहतर रेलसंपर्क और बिहार के समग्र विकास में तेजी लाने पर विचार–विमर्श हुआ।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने छह मई को एक महत्वपूर्ण कैबिनेट बैठक बुलाई है। यह बैठक मुख्यमंत्री सचिवालय में शाम पांच बजे होगी। इस सत्र के दौरान कई अहम प्रस्तावों को मंज़ूरी मिलने की उम्मीद है।

---

आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। यह दिवस लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष मीडिया के महत्व को रेखांकित करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने उन्नीस सौ तिरानवे में प्रत्येक वर्ष तीन मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाने की घोषणा की थी। आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभर में पत्रकारिता की स्वतंत्रता, जिम्मेदारी और उसकी भूमिका पर व्यापक चर्चा की जा रही है।

———बाइट———

इस वर्ष विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का विषय है— शांतिपूर्ण भविष्य का निर्माण। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की पुष्टि करने और पत्रकारिता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित प्रौद्योगिकी तथा मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को भविष्य के लिए सूचना व्यवस्था मजबूत करने के व्यावहारिक तरीकों के लिए एकजुट करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह दिन प्रेस की स्वतंत्रता और स्वायत्तता के लिए महत्वपूर्ण है। यह सरकारों को प्रेस की स्वतंत्रता की प्रतिबद्धता का सम्मान करने की याद दिलाता है और मीडिया पेशेवरों के लिए प्रेस की स्वतंत्रता और पेशेवर नैतिकता के मुद्दों पर चिंतन करने का भी दिन है। समाचार कक्ष से कृष्णकान्त।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस अवसर पर मीडिया में काम करने वाले सभी कर्मियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण होती है। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कहा कि यह दिवस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने और जागरूक समाज को बढ़ावा देने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। श्री कुमार ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ समाज के लिए एक सजग प्रहरी के रूप में काम करता है। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

---

जदयू अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने आज अपनी पहली राजनीतिक यात्रा की शुरुआत की है। निशांत कुमार की इस यात्रा का नाम सद्भाव यात्रा रखा गया है। पटना स्थित पार्टी मुख्यालय से यात्रा के लिए रवाना होने से पूर्व निशांत कुमार ने कहा कि इस यात्रा का मकसद समाज में सौहार्द और सद्भाव की भावना को मजबूत बनाना है।

———बाइट———

बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि निशांत कुमार की सद्भाव यात्रा पटना से सड़क मार्ग से वैशाली, मुजफ्फरपुर और पूर्वी चंपारण होते हुए आज शाम पश्चिम चंपारण के वाल्मिकीनगर पहुंची। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। निशांत कुमार आज वाल्मिकीनगर में ही रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद कल यहीं से दोबारा यात्रा शुरू होगी। यात्रा के दौरान जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भी मौजूद हैं।

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि निशांत कुमार की यात्रा से पार्टी के सभी लोग उत्साहित है।

---बाइट---

वहीं, जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा है कि निशांत कुमार इस यात्रा से जमीनी स्तर पर और मजबूत होंगे।

---बाइट---

---

राज्य सरकार ने बिहार राजस्व सेवा के सैंतालीस अधिकारियों का निलंबन खत्म कर दिया है। पिछले नौ मार्च को सामूहिक अवकाश पर चले जाने के कारण इन्हें निलंबित किया गया था। निलंबित पदाधिकारियों ने तीस अप्रैल को बिना शर्त सामूहिक अवकाश से लौटने की घोषणा की थी। इसके बाद सभी को निलंबन मुक्त किया गया है। इन अधिकारियों को संबंधति जिलों में योगदान का निर्देश दिया गया है।

---

प्रदेश की सभी पंचायतों में इस महीने की उन्नीस तारीख से प्रत्येक महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसका आयोजन पंचायत सरकार भवन या इसके आस-पास किसी सार्वजनिक स्थान पर होगा। इसका मकसद आम नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

———————————————————————————

पंचायत विकास योजनाओं की तैयारी पर दो दिन की राष्ट्रीय कार्यशाला कल से नई दिल्ली में शुरु हो रही है। कार्यशाला में बिहार सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि और पंचायत से जुड़े प्रमुख पक्ष शामिल होंगे।

———————————————————————————

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरलम और पुद्दुचेरी विधानसभा चुनाव की मतगणना कल सुबह आठ बजे से शुरू होगी। निर्वाचन आयोग ने इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

———————————————————————————

भाजपा नेता अजय आलोक ने कहा है कि पार्टी पश्चिम बंगाल सहित चार राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए सरकार बनायेगी। श्री आलोक ने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में कोई भरोसा नहीं रह गया है। ,

———बाइट———

———————————————————————————

सीवान नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला के समीप उनतीस अप्रैल को हुए चर्चित गोलीकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सोनू कुमार को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। मारा गया अपराधी पूर्व एमएलसी मनोज सिंह के भांजे की हत्या में शामिल था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने इस एनकाउंटर पर कहा कि अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपराध मुक्त बिहार बनाने का संकल्प लिया है।

———बाइट———

---

राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने कहा है कि पिछले बीस वर्षों में बिहार ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। पटना में आयोजित बिहार एजुकेशन समिट को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि बिहार को केवल आर्थिक निवेश ही नहीं, बल्कि बौद्धिक और संस्थागत रुचि को भी आकर्षित करना होगा। उन्होंने कहा कि बिहार में ऐसे संस्थान विकसित करने की जरूरत हैं, जहां छात्रों को प्रौद्योगिकी विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए खुद को सशक्त बनाने का मौका मिले। राज्यपाल ने अनौपचारिक शिक्षा जैसे सेमिनार, संगोष्ठी और संवाद के जरिए विचारों के आदान–प्रदान पर भी जोर दिया।

---

पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में आंधी–बारिश की स्थिति लगातार बनी हुई है। आज राजधानी पटना सहित विभिन्न जिलों में सुबह से बादल छाये हुए हैं और हवा चल रही है। इससे तापमान में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का औसत न्यूनतम तापमान उन्नीस से छब्बीस डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा के साथ वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

---

अररिया जिले के नरपतगंज प्रखंड के फुलकाहा थाना क्षेत्र में अलग–अलग स्थानों पर छापेमारी कर पुलिस ने चौरानवे लीटर नेपाली शराब के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

रोहतास के सिविल सर्जन डॉ. मणिराज रंजन ने जिले में निर्माणाधीन मॉडल अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्य लंबित पाए जाने पर सिविल सर्जन ने नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

---

पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने मधेपुरा जिला मुख्यालय और उदाकिशुनगंज कोर्ट परिसर में नवनिर्मित कोर्ट भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि न्यायपालिका की प्राथमिकता न्याय को लोगों के द्वार तक पहुंचाना है।

---

कटिहार जिले के प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के लाभा जीरोमाइल चौक के समीप चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड और पैथोलॉजी सेंटर को सील कर दिया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न सिंह यादव के निरीक्षण के दौरान अस्पताल संचालक किसी तरह के दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाए।

---

अररिया जिला में आगामी दिनों में संभावित लू को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल, सभी अनुमंडल अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष वार्ड तैयार किया गया है।

---

बक्सर के पुलिस अधीक्षक शुभम आर्या ने कार्य में लापरवाह बरतने और अनुशासनहीनता के आरोप में नगर थाना के पीटीसी अमरजीत कुमार, नया भोजपुर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक नजरूल हक और औद्योगिक थाना के पुलिस अवर निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

सुपौल और मधेपुरा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर मंदिरों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से मंदिरों से चोरी किए गए चांदी के आभूषण और मुकुट, समेत अन्य कीमती सामान बरामद किए गए हैं।

सुपौल जिले के गेस्ट हाउस के पास एक वाहन की जोरदार टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर। एनडीए के वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात। राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर सरगर्मी तेज।

02 पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र और जदयू नेता निशांत कुमार सद्भाव यात्रा के तहत आज पश्चिम चंपारण के वाल्मिकीनगर पहुंचे। यह उनकी पहली राजनीतिक यात्रा है।

03. आज विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस है। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– लोकतंत्र में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पत्रकारिता की भूमिका महत्त्वपूर्ण।

04. और, मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश भागों में अगले चौबीस घंटों के दौरान तेज हवा के साथ वज्रपात का अलर्ट जारी किया।

**समाप्त**